Amity University
Uttar Pradesh

Savita Mehta
Vice President - Communications

Amity University
Block E-II, 2nd Floor
Sector – 125, Noida
Ph: 0120 - 4392620
Fax: 0120-4392622
www.amity.edu

प्रेस विज्ञप्ति
दिसंबर 20, 2016

एमिटी विश्वविद्यालय में " शिक्षा में शारीरिक शिक्षा एंव खेल की भूमिका - भविष्य का मार्गदर्शन " विषय पर परिचर्चा सत्र का आयोजन

भविष्य के शारीरिक शिक्षा व्यवसायिकों को शिक्षा में शारीरिक शिक्षा एंव खेल के महत्व का बताने हेतु एमिटी स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोंटस सांइसेस द्वारा "शिक्षा में शारीरिक शिक्षा एंव खेल की भूमिका - भविष्य का मार्गदर्शन " विषय पर परिचर्चा सत्र का आयोजन एफ वन ब्लाक सभागार, एमिटी विश्वविद्यालय मे किया गया । इस परिचर्चा सत्र में विभिन्न संस्थानों के प्रधानाचार्यो, विभागाध्यक्षों, खेल प्रशिक्षकों सहित एमिटी स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोंटस सांइसेस के छात्रों ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर एमिटी स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोंटस सांइसेस की निदेशिका डा कल्पना शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस परिचर्चा सत्र में डीपीएस इंटरनेशनल स्कूल की सुश्री अमिता मिश्रा ने कहा कि वर्तमान में राष्ट्रीय एंव अंर्तराष्ट्रीय खेल लीगों द्वारा खेलों के विकास मे सहयोग किया जा रहा है। आज के वक्त मे अभिभावक भी छात्रों द्वारा खेल को एक गंभीर कैरियर बनाने के रूप में देखते है इसलिए शारीरिक शिक्षा व्यवसायिकों की जिम्मेदारी बनती है की वो इस विषय को गंभीरता से पढ़ाये ना कि इसे एक अतिरक्त विषय समझे जो कि हर छात्र के लिए अनिवार्य है। सुश्री मिश्रा ने कहा कि हमारे भविष्य के शारीरिक शिक्षा व्यवसायिक मात्र शिक्षण की ही नही बल्कि इस क्षेत्र में और अवसरों को तलाशें। जेपी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा की प्रधानाचार्या सुश्री अंजली मलिक ने कहा कि खेल के दो महत्वपूर्ण कौशल जो हर व्यक्ति को सीखने चाहिए प्रथम टीम के साथ कार्य करने का कौशल एंव द्वितीय सही दिशा में सफलता को परिभाषित करने का कौशल। व्यक्ति जो इन दोनों कौशल को हासिल कर लेता है वो सफलता से आगे निकल जाता है।

एमिटी स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोंटस सांइसेस की निदेशिका डा कल्पना शर्मा ने अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा हम एमिटी मे सदैव छात्रों को शिक्षण के साथ शारीरिक शिक्षा के महत्व को भी बताते है। एमिटी मे संगठन नामक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिसमें एमिटी के सभी विश्वविद्यालयों के छात्र हिस्सा लेते है। हमारे संस्थापक अध्यक्ष डा अशोक कुमार चौहान का मानना है कि शिक्षा में शारीरिक शिक्षा एंव खेल की भूमिका सबसे अधिक होती है इसलिए शारीरिक शिक्षा व्यवसायिकों को पूरी लगन से छात्रों को शिक्षण प्रदान करना चाहिए और उनका मार्गदर्शन करना चाहिए।

इस अवसर पर एमिटी स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोंटस सांइसेस के सह निदेशक डा जोगिश्वर गोस्वामी सहित गाजियाबाद के जीडी गोयनका स्कूल, महामाया बालिका इंटर कॉलेज, इस्ट पांइट स्कूल, गर्वरमेंट जूनियर कॉलेज मोरना, माता भगवती चड्डा निकेतन स्पेशल स्कूल आदि से प्रतिभागीयो ने हिस्सा लिया।

स्पोर्टो द्वारा एमिटी विश्वविद्यालय के छात्रों हेतु गोल्फ कार्यक्रम का आयोजन

एमिटी इनोवेशन इंक्यूबेटर की संस्था स्पोर्टो द्वारा एमिटी विश्वविद्यालय के छात्रों हेतु एच ब्लाक मे गोल्फ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने जमकर वर्चुअल गोल्फ खेले गये। इस अवसर पर गोल्फ के इंडियन नेशनल कोच श्री अमनदीप जोहल ने छात्रों के साथ अपने विचार बांटे। स्पोर्टो के संस्थापक श्री रिषी साखुज़ा ने जानकारी देते हुए बताया सिमुलेटर की सहायता से दो गोल्फ ग्राउंड बनाये गये है जिसमें आपको गोल्फ स्टीक से बॉल सामने पर्दे मारना होता है जिसमे एक पर्दे पर दूरी तय होती दिखती है और दूसरे मे बॉल को गोल मे डालना होता है। इसके अतिरिक्त एक छोटा ग्राउंड भी बनाया गया था जिसमे छात्र स्टीक से बॉल को मारकर गोल मे डाल रहे थे। इस अवसर पर छात्रों के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजयी छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में एमिटी इनोवेशन इंक्यूबेटर का जनरल मैनेजर श्री ओजस्वी बब्बर भी उपस्थित थे।

अधिक जानकारी के लिए संर्पक करें - अनिल दुबे - 9818671697